

# दृष्टि
# The Vision


# SSMV Bulletin

"नैक मूल्यांकित"

## श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय (पी.जी.)

(चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय मेरठ से सम्बद्ध)

रज्जू भैया सरस्वती विहार, शिकारपुर, जिला–बुलन्दशहर

Website : www.ssmvcllg.com, Email : skr.ssmvcollege5@gmail.com

Phone : 09258321276, 09258321279, 09258321278

प्रकाशन वर्ष –2019 अवधि : जनवरी–मार्च अंक – 3


## संदेश



सम्पादक
"दृष्टि" न्यूज बुलेटिन
श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय
शिकारपुर, बुलन्दशहर

महोदय,

मुझे यह जानकर अति प्रसन्नता हुई कि श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय शिकारपुर द्वारा "दृष्टि" त्रैमासिक न्यूज बुलेटिन का प्रकाशन किया जा रहा है जिसके द्वारा पठन–पाठन के साथ ही महाविद्यालय में होने वाली सांस्कृतिक, सामाजिक तथा वैज्ञानिक गतिविधियों की सूचना दी जा रही है।

मुझे आशा है कि उपरोक्त पत्रिका विद्या भारती द्वारा प्रदान किये जा रहे संस्कारों तथा शिक्षा सम्बन्धी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्व होगी। साथ ही सम्पादक मण्डल को पत्रिका के प्रकाशन हेतु बधाई। यह पत्रिका संगठन द्वारा चलाये जा रहे विद्यालय के उद्वेश्यों की पूर्ति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। मैं अपनी शुभकामनायें देता हूँ।

भवदीय
(डा0 लक्ष्मी नारायण गुप्ता)
जिला संघ चालक (खुर्जा जिला)
शिकारपुर (बुलन्दशहर)

## सम्पादकीय



प्रिय पाठक,

एक अध्यापक अपने शिष्यों को अच्छी संगति का महत्व बता रहे थे, लेकिन उनकी बात को शिष्य समझ नही पा रहे थे। अध्यापक ने पास में रखे गमले में लगे गुलाब के पौधे के नीचे से मिट्टी का एक ढेला उठाकर लाने को कहा। जब शिष्य ढेला उठाकर लाया तो उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियो से उसे सूंघने को कहा। सूंघने के बाद विद्यार्थी बोले, गुरूजी इसमें से तो गुलाब की बडी अच्छी सुगन्ध आ रही है। कारण पूछने पर शिष्यो में से कोई उत्तर नही दे पाया तो अध्यापक बोले, दरअसल इस गमले की मिट्टी पर गुलाब के फूल टूट–टूट कर गिरते रहते है जिसके कारण मिट्टी में भी गुलाब की खुशबू आने लगती है। यह असर मात्र संगति का है। जिस प्रकार गुलाब की पंखुडियों की संगति के कारण मिट्टी में से भी गुलाब की महक आने लगती है उसी प्रकार जो व्यक्ति जैसे लोगों की संगति में रहता है उसमें उन लोगों के समान ही गुण व दोष आ जाते हैं। इसलिये हमें हमेशा अच्छे लोगों की संगति करनी चाहिए।

इसी प्रकार सभी लोग अच्छी संगति में रहकर अपने अंदर अच्छे गुणों का विकास करें, इसी कामना के साथ "दृष्टि" न्यूज बुलेटिन का तृतीय अंक आपके सम्मुख प्रस्तुत है।

प्रदीप कुमार शर्मा
पुस्तकालयाध्यक्ष / संपादक


## सम्पादक मण्डल

| | |
|---|---|
| मुख्य सम्पादक | – डा0 अशोक कुमार शर्मा |
| सम्पादक | – प्रदीप कुमार शर्मा |
| सह–सम्पादक | – गजेन्द्र पाल सिंह |
| | – अभिनव राना |
| | – साक्षी गर्ग |
| तकनीकी सहायक | – अनुज सिंह चौहान |


## आत्म–ज्ञान

अपाड्प्राडेति स्वधया गृभीतोऽमर्त्यो मर्त्येना सयोनिः।
ता शश्वन्ता विषूचीना वियन्तान्यन्यं चिक्युर्न नि चिक्युरन्यम्।।

अर्थात्

जीवात्मा अमर है और शरीर प्रत्यक्ष नाशवान। संपूर्ण शारीरिक क्रियाओं का अधिष्ठाता आत्मा है, क्योंकि जब तक शरीर में प्राण रहते हैं, तब तक वह क्रियाशील रहता है। इस आत्मा के संबंध में बडे–बडे पंडित व मेधावी पुरूष भी नहीं जानते। इसे जानना ही मानव जीवन का प्रमुख लक्ष्य है।

## वेस्ट मैटिरियल प्रतियोगिता

महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग ने दिनांक 3 जनवरी 2019 को अनुपयोगी सामग्री से उपयोगी वस्तुऐं बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें बी0ए0 की छात्राओं ने अनुपयोगी सामग्री का प्रयोग कर सुन्दर व आकर्षक सामग्री जैसे–फोटो फ्रेम, फूलदान, वॉल हैगिंग, पेसिंल बॉक्स आदि का निर्माण किया। प्रतियोगिता में बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा कुमकुम ने प्रथम, अदीबा ने द्वितीय तथा अंजु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापिका श्रीमती वंदना सिंह व संयोजन विभागाध्यक्ष सुश्री निधि गुप्ता ने किया। प्राध्यापिका सुश्री दीपिका सिंह व सुश्री अंजली गर्ग सहयोगी रहे।

## गुरू गोविन्द सिंह जयंती

दिनांक 5 जनवरी 2019 को शिक्षा संकाय में गुरू गोविन्द सिंह जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभाग के सभी प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रम में खालसा पंथ के संस्थापक परम पूज्य श्री गुरू गोविन्द सिंह जी के जीवन तथा जीवन–दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन प्राध्यापक श्री गजेन्द्र पाल सिंह ने किया।

## स्वामी विवेकानन्द जयंती / युवा दिवस

दिनांक 12 जनवरी 2019 को महाविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनायी गयी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रबन्धक डॉ0 प्रमोद मित्तल रहे जिन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानन्द जी के सम्बन्ध में जानकारी दी। इसके बाद प्राचार्य डॉ0 अशोक कुमार शर्मा व प्राध्यापक श्री यतन कुमार शर्मा, प्राध्यापिका श्रीमती पल्लवी शर्मा एवं विद्यार्थियों ने भी युवा दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक श्री प्रतीक रघुवंशी तथा प्राध्यापिका सुश्री निधि गुप्ता द्वारा किया गया।

## मंकर संक्राति

दिनांक 14 जनवरी 2019 को महाविद्यालय परिसर में मकर संक्रान्ति के शुभ अवसर पर सामूहिक खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों द्वारा एक साथ बैठकर खिचड़ी ग्रहण की गयी। कार्यक्रम में अध्यक्ष श्री अशोक मित्तल, प्रबन्धक डॉ0 प्रमोद मित्तल, कोषाध्यक्ष श्री प्रदीप सिंघल, प्राचार्य डॉ0 अशोक कुमार शर्मा एवं समस्त प्राध्यापकगण तथा सहयोगी स्टॉफ उपस्थित रहें। कार्यक्रम के संयोजक विभागाध्यक्ष बायोटेक डॉ0 भीम सिंह रहे।



## सुभाष जयंती



दिनांक 23 जनवरी 2019 को महाविद्यालय परिसर में भारत माता के वीर सपूत नेताजी सुभाष चंद बोस की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 अशोक कुमार शर्मा, प्राध्यापक श्री अनुज भारद्वाज तथा अन्य विद्यार्थियों ने नेताजी के जीवन से सम्बन्धित विभिन्न घटनाओं तथा उनके विचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सभी प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन गणित विभाग तथा संचालन प्राध्यापक श्री योगेन्द्र शर्मा द्वारा किया गया।

## गणतंत्र दिवस



दिनांक 26 जनवरी 2019 को महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया जिससे विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री अशोक मित्तल, प्रबन्धक डॉ0 प्रमोद मित्तल, कोषाध्यक्ष श्री प्रदीप सिंघल के साथ प्रबन्ध समिति के सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्ष श्री अशोक मित्तल द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा प्रबन्धक डॉ0 प्रमोद मित्तल द्वारा गणतंत्र दिवस के सम्बन्ध में विचार प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक तथा अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की समाप्ति पर प्राचार्य डॉ0 अशोक कुमार शर्मा ने उपस्थित अतिथियों तथा कार्यक्रम के संयोजकों तथा सहयोगी स्टॉफ हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया तथा परिसर में मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक श्री प्रतीक रघुवंशी तथा श्री राहुल भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम के संयोजक प्राध्यापक डॉ0 संदीप कुमार व श्री ब्रजपाल सिंह रहे।

## ''दृष्टि'' त्रैमासिक न्यूज लैटर का विमोचन



दिनांक 26 जनवरी 2019 को महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर महाविद्यालय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देने हेतु ''दृष्टि'' त्रैमासिक न्यूज लैटर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री अशोक मित्तल, प्रबन्धक डॉ0 प्रमोद मित्तल, कोषाध्यक्ष श्री प्रदीप सिंघल, प्रबन्ध समिति के अन्य सदस्य, प्राचार्य तथा महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। न्यूज लैटर के सम्पादक पुस्तकालयाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार शर्मा द्वारा उक्त पत्रिका की आवश्यकता तथा महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर न्यूज लैटर के प्रधान सम्पादक डॉ0 अशोक कुमार शर्मा, सह सम्पादक प्राध्यापक श्री गजेन्द्र पाल सिंह, प्राध्यापिका सुश्री साक्षी गर्ग, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष श्री अभिनव राना तथा तकनीकी सहायक श्री अनुज चौहान उपस्थित रहे।

## हस्तलिखित पत्रिका ''चेतना'' का विमोचन



गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर बी0सी0ए0 विभाग के विद्यार्थियों की हस्त लिखित पत्रिका ''चेतना'' का विमोचन किया गया जिसमें प्रबन्ध समिति, प्राचार्य तथा महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष सम्मिलित रहे। इस अवसर पर बी0सी0ए0 के विभागाध्यक्ष / संरक्षक श्री संभव सिंघल, प्रधान सम्पादक श्री रिंकू कुमार, सह सम्पादक प्राध्यापिका सुश्री मुक्ता गौड़, प्राध्यापक श्री पुष्पेन्द्र सिंह, श्री राजकुमार शर्मा, श्री पीयूष मोहन तथा छात्र सम्पादक अंशिका शर्मा व शहरीन बी0सी0ए0 द्वितीय वर्ष उपस्थित रहे। पत्रिका में बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम से सम्बन्धित विभिन्न लेखों को सम्मिलित किया गया।

## मन की बात

दिनांक 29 जनवरी 2019 को शिक्षा संकाय की सूचना एवं संप्रेषण तकनीकी प्रयोगशाला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परीक्षाओं के संदर्भ में की गयी ''मन की बात'' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस कार्यक्रम के प्रारम्भ में पूर्व रक्षा मंत्री श्री जॉर्ज फर्नाडिज के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इसके उपरान्त प्रधानमंत्री द्वारा विद्यार्थियों, अध्यापकों तथा अभिभावकों को परीक्षाओं की तैयारी के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक प्राध्यापक डॉ0 संदीप कुमार रहे। प्राचार्य डॉ0 अशोक कुमार शर्मा तथा श्री गंगाराम जी (क्षेत्रीय सेवा भारती प्रमुख) द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर सभी प्राध्यापकगण तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## चार्ट एवं मॉडल प्रस्तुतीकरण



दिनांक 30 जनवरी 2019 को वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा चार्ट एवं मॉडल प्रस्तुतीकरण का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बी0एस–सी0 प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने **Ecosystem, Food Chain, N2-cycle, Xerosere-Hydrosere, Plant Cell etc.** के मॉडल तथा चॉर्ट तैयार किये। माननीय प्रबन्धक महोदय, प्राचार्य महोदय तथा विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों के कार्य की सराहना की। कार्यक्रम के संयोजक विभागाध्यक्ष सुश्री रेशू भारद्वाज तथा प्राध्यापिका सुश्री अंकिता भारद्वाज रहे।

## कार्यशाला



शिक्षा सकाय में दिनांक 4 फरवरी से 9 फरवरी 2019 तक एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक, सृजनात्मक तथा नवाचार का विकास करना था। कार्यशाला में विभिन्न विद्यार्थियों ने न्यूज पेपर, पुराने कार्ड, थरमाकोल एवं वेस्ट मैटीरियल से विभिन्न प्रकार के फोटो फ्रेम, वॉल हैगिंग, पेंटिग्स तथा फ्लोवर पोट्स आदि तैयार किये। कार्यशाला में प्राचार्य डा0 अशोक कुमार शर्मा तथा शिक्षा संकाय के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## पोस्टर प्रतियोगिता

महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग में 8 फरवरी 2019 को एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें एम0ए0 तथा बी0ए0 की छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय सामाजिक समस्यायें रहा जिसके अंतर्गत छात्राओं ने दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, बेरोजगारी, अशिक्षा, प्रदूषण व पर्यावरण संरक्षण पर सुंदर पोस्टरों का निर्माण किया। प्रतियोगिता में बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा मुस्कान ने प्रथम, कुमकुम ने द्वितीय तथा रूपल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापिका श्रीमती वंदना सिंह व संयोजन विभागाध्यक्ष सुश्री निधि गुप्ता ने किया। प्राध्यापिका सुश्री दीपिका सिंह व सुश्री अंजली गर्ग सहयोगी रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना





दिनांक 9 फरवरी 2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत महाविद्यालय के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम कैलावन स्थित लार्ड शिवा इंस्टीटयूट फॉर हायर स्टडीज में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रबन्धक डा0 प्रमोद मित्तल एवं प्राचार्य डा0 अशोक कुमार शर्मा द्वारा किया गया। शिविर मे 50 स्वयंसेवी विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। शिविर के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम जैसे– स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, प्रौढ शिक्षा, स्वास्थ्य अभियान, सामाजिक सर्वेक्षण, पल्स पोलियो जागरूकता अभियान व रैली आदि आयोजित किये गये । शिविर में कार्यक्रम के मुख्य अधिकारी विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र डा0 राजकुमार सिंह के साथ ही महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक यथा सुश्री निधि गुप्ता, श्री योगेन्द्र शर्मा, डा0 नीरज कुमार, डा0 हेमा राघव, सुश्री चंचल सिरोही, कार्यालय प्रमुख श्री चन्द्रपाल सिंह, वरिष्ठ लिपिक श्री रविन्द्र सिंह एडवोकेट व लिपिक श्री अनुज चौहान आदि उपस्थित रहे। दिनांक 15 फरवरी 2019 को उपरोक्त विशेष शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी इण्टर कॉलिज के प्रधानाचार्य श्री ओमदत्त शर्मा रहे। इनके अतिरिक्त ग्राम कैलावन के प्रधान श्री राजाराम शर्मा, श्री उदयवीर शर्मा तथा लॉर्ड शिवा संस्थान के प्राचार्य डा0 डी0सी0 गुप्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डा0 राजकुमार सिंह द्वारा उपस्थित अतिथियों व सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## वृक्षारोपण

दिनांक 9 फरवरी 2019 को वनस्पति विभाग द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बी0एस–सी0 तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधे महाविद्यालय प्रांगण में लगाये गये। कार्यक्रम की संयोजक वनस्पति विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका सुश्री अंकिता भारद्वाज रहीं।

## बसंत पंचमी



दिनांक 10 फरवरी 2019 को महाविद्यालय परिसर में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में हवन के साथ माँ सरस्वती की पूजा की गयी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री अशोक मित्तल, प्रबन्धक डा0 प्रमोद मित्तल, कोषाध्यक्ष श्री प्रदीप सिंघल व उनकी धर्म पत्नी, प्रबन्ध समिति के अन्य सदस्य, प्राचार्य डॉ0 अशोक कुमार शर्मा तथा महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक तथा सहयोगी स्टॉफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे। हवन की समाप्ति के उपरान्त महाविद्यालय परिसर में प्रसाद का वितरण किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम के संयोजक प्राध्यापक श्री प्रतीक रघुवंशी एवं प्राध्यापिका सुश्री शालिनी शर्मा रहे।

## सेमीनार



महाविद्यालय परिसर में वनस्पति विज्ञान विभाग के बी0एस–सी0 प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा दिनांक 11,12 व 13 फरवरी 2019 को एक तीन दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में विद्यार्थियो ने **T.M.V., Bacteria and Their Role in Human Life** आदि विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किये। विभाग के प्राध्यापकों ने भी सेमीनार में अपने सुझाव रखे।

## संत रविदास जयंती

दिनांक 18 फरवरी 2019 को शिक्षा संकाय में संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभाग के सभी प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रम में संत रविदास जी के जीवन, जीवन–दर्शन तथा व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन प्राध्यापक श्री गजेन्द्र पाल सिंह ने किया।

## Quadrat Study

वनस्पति विज्ञान विभाग के प्राध्यापकों द्वारा दिनांक 21 फरवरी 2019 को बी0एस–सी0 द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को महाविद्यालय परिसर में **Quadrat Study** करायी गयी। **Quadrat** के माध्यम से पौधों की **Frequency, Density and Abundance Calculation** को समझाया गया।

## महाशिवरात्रि



दिनांक 4 मार्च 2019 को शिक्षा संकाय में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा, प्राध्यापक श्री गजेन्द्र पाल सिंह एवं उपस्थित विद्यार्थियों ने इस पर्व के आध्यात्मिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक पक्षों तथा भगवान शिव के जीवन प्रसंगो पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सभी प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों द्वारा 11 बार महामृत्युंजय मंत्र का उच्चारण कर कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम की संयोजिका प्राध्यापिका शालिनी शर्मा रही।

## Pollen Collection

वनस्पति विज्ञान विभाग के प्राध्यापकों द्वारा दिनांक 7 मार्च 2019 को बी0एस–सी0 तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को **Different Families** के **Flowers** के **Pollens** का संग्रहण कराया गया।

## फागोत्सव



शिक्षा संकाय में दिनांक 18 मार्च 2019 को होली पर्व के शुभ अवसर पर फागोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य / विभागाध्यक्ष डा0 अशोक कुमार शर्मा ने होली पर्व के महत्व तथा इसे किस प्रकार मनाया जाये बिंदुओ पर अपने विचार व्यक्त किये। साथ ही एक विशेष आग्रह किया कि होलिका दहन में सभी लोग कपूर तथा छोटी इलाइची डाले ताकि हमारे देश का वातावरण शुद्ध व विषाणु रहित हो सके। कार्यक्रम के संयोजक प्राध्यापक डा0 संदीप कुमार ने प्राकृतिक रंगो से होली खेलने का आवाहन किया। इस अवसर पर शिक्षा संकाय के सभी प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## होली मिलन समारोह

दिनांक 19 मार्च 2019 को महाविद्यालय के सेमीनार रूम में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सभी विभागाध्यक्षों, प्राध्यापकों तथा अन्य सहयोगी स्टॉफ द्वारा भाग लिया गया। इस अवसर पर प्रबन्धक डा0 प्रमोद मित्तल, प्राचार्य डा0 अशोक कुमार शर्मा द्वारा महाविद्यालय स्टॉफ के सभी सदस्यों को होली की शुभकामनाएं दी गयी तथा महाविद्यालय द्वारा जलपान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक प्राध्यापक डा0 नीरज कुमार तथा सह संयोजक प्राध्यापिका सुश्री श्वेता गोस्वामी रहे।

## अतिथि व्याख्यान

दिनांक 19 मार्च 2019 को महाविद्यालय परिसर में बिग्रेडियर डा0 राज बहादुर शर्मा, वी0एस0एम0(रिटायर्ड) द्वारा एक अतिथि व्याख्यान दिया गया जिसका विषय **University Level Education in India viewed in the global context** रहा। इस अवसर पर प्रबन्धक डा0 प्रमोद मित्तल द्वारा शॉल ओढाकर तथा कोषाध्यक्ष श्री प्रदीप सिंघल द्वारा बुके देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। बिग्रेडियर साहब ने उच्च शिक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण बिंदुओ तथा अपने सेवाकाल के अनुभव महाविद्यालय के प्राध्यापकों व विद्यार्थियों के साथ साझा किये तथा उनके प्रश्नों का भी उत्तर दिया। कार्यक्रम में प्राध्यापक डा0 संदीप कुमार ने हस्तलिखित पत्रिका "सृजन" के द्वितीय अंक के विषय में तथा प्राध्यापिका शालिनी शर्मा ने "जीवन दर्शन" पत्रिका के विषय में संक्षिप्त रूप में जानकारी दी तथा मुख्य अतिथि द्वारा इन पत्रिकाओं का विमोचन किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की सेवा भारती शाखा के क्षेत्र सेवा प्रमुख श्री गंगाराम जी की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम की समाप्ति पर महाविद्यालय परिसर में प्रबन्ध समिति व स्टॉफ ने आदर्श होली भी मनायी। कार्यक्रम के संयोजक प्राध्यापक डा0 संदीप कुमार तथा संचालन प्राध्यापक श्री गजेन्द्र पाल सिंह ने किया।

## बी0एड0 द्वितीय वर्ष इंटर्नशिप निरीक्षण कार्यक्रम

**बी0ए0 द्वितीय सत्र 2018–19 के छात्र / छात्राओं के चार मासीय इंटर्नशिप (01 नवम्बर 2018 से 28 फरवरी 2019) कार्य का निरीक्षण निम्नवत् रहा**

| क्र. सं. | दिनांक | निरीक्षणकर्ता प्राध्यापक | विद्यालय नाम / क्षेत्र | क्र. सं. | दिनांक | निरीक्षणकर्ता प्राध्यापक | विद्यालय नाम / क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 11.12.2018 | डॉ. अशोक कुमार शर्मा<br>डॉ. संदीप कुमार | शिकारपुर शहर नगर क्षेत्रीय | 6. | 27.02.2019 | डॉ. अशोक कुमार शर्मा<br>सुश्री शालिनी शर्मा<br>डॉ. इन्द्रपाल सिंह | मुकैरा, कैलावन रानउ, रहमापुर, मामउ |
| 2. | 14.12.2018 | श्री प्रतीक रघुवंशी<br>श्रीमती हृदयेश राजपूत | शिकारपुर देहात ग्रामीण क्षेत्रीय | | | | |
| 3. | 17.01.2019 | सुश्री शालिनी शर्मा<br>श्री प्रतीक रघुवंशी | पहासू विकास मण्डल | 7. | 28.02.2019 | डॉ. अशोक कुमार शर्मा<br>सुश्री शालिनी शर्मा<br>डॉ. संदीप कुमार<br>श्री प्रतीक रघुवंशी | अहमदगढ़ क्षेत्र<br>डिबाई क्षेत्र |
| 4. | 21.01.2019 | डॉ0 संदीप कुमार<br>श्री गजेन्द्र पाल सिंह | सलेमपुर क्षेत्र कैलावन क्षेत्र / रंगपुर | | | | |
| 5. | 07.02.2019 | डॉ0 संदीप कुमार<br>श्री प्रतीक रघुवंशी<br>श्री इन्द्रपाल सिंह<br>सुश्री शालिनी शर्मा | मामउ, करीरा, पहाड़पुर, दरियापुर | | | | |

"नैक मूल्यांकित"

**श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय (पी.जी.)**

(चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध)

रज्जू भैया सरस्वती विहार, शिकारपुर, जिला–बुलन्दशहर

Website : www.ssmvcllg.com, Email-skr.ssmvcollege5@gmail.com Phone :- 09258321276, 09258321279, 09258321278



**बुक–पोस्ट**

सेवा में,

__________

**महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम :–**

- एम0एड0 (दो वर्षीय)
- बी0एड0 (दो वर्षीय)
- एम0एस–सी0 गणित
- एम0एस–सी0 रसायन विज्ञान
- एम0एस–सी0 बायोटेक्नोलॉजी
- एम0ए0 गृह विज्ञान
- एम0ए0 समाजशास्त्र
- बी0एस–सी0 गणित
- बी0एस–सी0 बायोलॉजी
- बी0एस–सी0 बायोटेक्नोलॉजी
- बी0सी0ए0
- बी0कॉम0
- बी0ए0 (केवल छात्राओं हेतु)